राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(पंचायती राज)

एफ.15(10)पंरावि / विधि / वि0ग्रा0सभा / 24 / ईफाईल 22379 जयपुर, दिनांकः– 23.01.2025

1. मुख्य / अति0 मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
   ज़िला परिषद, समस्त (राजस्थान) ।
2. विकास अधिकारी,
   पंचायत समिति, समस्त (राजस्थान) ।

**विषयः–दिनांक 26 जनवरी, 2025 को ग्राम सभा का आयोजन बाबत ।**

जैसा कि आपको विदित है कि राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में दिनांक 26 जनवरी, 2025 को ग्राम सभा का आयोजन किया जाना है। अतः आपके जिले की सभी ग्राम पंचायतों में दिनांक 26 जनवरी, 2025 को आयोजित होने वाली ग्राम सभा में निम्नांकित कार्यवाही संपादित किया जाना सुनिश्चित करें :–

**<u>एजेण्डा नं0 1 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित बिन्दु :–</u>**

अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर के पत्रांक 12901185 दिनांक 09.1.2025 (प्रति संलग्न) के अनुसरण में :–

1. दिनांक 26 जनवरी, 2025 को आयोजित होने वाली ग्राम सभा में ''पेंशनर्स के वार्षिक भौतिक सत्यापन' विषय को एजेण्डा में सम्मिलित करते हुए असत्यापित पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन कराने एवं विभिन्न कारणों से निरस्त की गई पेंशन स्वीकृतियों की सूची को ग्राम सभा में पढ़कर सुनाया जाये तथा अपात्र पेंशनर्स के पी.पी.ओं. निरस्त करने और पात्र पेंशनर की गलत सूचनाओं के आधार पर पेंशन निरस्त की गई हो तो अनुमोदन कर संबंधित पेंशन स्वीकृतिकर्ता अधिकारी (ब्लाक विकास अधिकारी) के स्तर से पेंशन पुनः प्रारम्भ किये जाने हेतु संबंधित अधिकारीगण को निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करें ।

साथ ही ग्राम सभा में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के संबंध में प्रेषित की जाने वाली रिपोर्ट का प्रपत्र भी संलग्न है। इस संबंध में सूचना सीधे ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर को भिजवाई जावे।

**<u>एजेण्डा नं0 2 ''राज–किसान गिरदावरी मोबाईल ऐप'' [illegible] बिन्दु :–</u>**

बजट घोषणा 2024–25 के अनुसार ऐग्रीस्टेक के माध्यम से किसानों को [illegible] फसल गिरदावरी की सुविधा उपलब्ध करवाने के क्रम में [illegible] विभाग, जयपुर [illegible] राज–किसान

Signature valid
Digitally signed by Indrajeet Singh
Designation : Deputy Secretary To Government
Date: 2025.01.23 19:22:39 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 13180720

**गिरदावरी मोबाईल ऐप्स** विकसित किया गया है। विकसित मोबाईल ऐप के माध्यम से किसान स्तर से स्वयं के खसरे पर जाकर व फसल की फोटो लेकर (geo-location with photo based) ऑनलाईन गिरदावरी किये जाने का प्रावधान किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के ऐग्रीस्टेक प्रोजेक्ट के अंतर्गत फसल रबी संवत् 2081 में राज्य की ऑनलाईन तहसीलों में डिजिटल क्रोप सर्वे (ई–गिरदावरी) कार्य दिनांक 01.01.2025 से आरम्भ किया गया है। किसान स्तर से अधिकाधिक गिरदावरी करवाये जाने हेतु प्रचार–प्रसार किया जाना है।

**एजेण्डा नं0 3 "पर्यावरण संरक्षण कार्य योजना" से संबंधित बिन्दु :–**

गांव में प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाना, जैविक खेती को प्रोत्साहित करना, वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देना और पर्यावरणीय जागरूकता को बढाने के संबंध में चर्चा करना।

इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में उपभोक्ता सशक्तिकरण के लिए गुणवत्ता शपथ (प्रति संलग्न) ग्रहण करवाया जाना भी सुनिश्चित करे ।

अतः उपर्युक्त के क्रम में आवश्यक कार्यवाही अनिवार्य रूप से सम्पादित किया जाना सुनिश्चित करें ।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार ।

(इन्द्रजीत सिंह)
उपायुक्त एवं
उप शासन सचिव (प्रथम)

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री महोदय, पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर ।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग, जयपुर ।
4. सम्भागीय आयुक्त, समस्त ।
5. जिला कलक्टर, समस्त ।
6. राज्य नोडल अधिकारी–डीसीएस गिरदावरी एवं अतिरिक्त भू–प्रबन्ध आयुक्त जयपुर को उनके पत्र दिनांक 24.12.2024 के कम में सूचनार्थ ।
7. निदेशक एवं प्रमुख, भारतीय मानक ब्यूरो, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, जयपुर शाखा को उनके पत्र कमांक 05 दिनांक 13.01.2024 के कम में सूचनार्थ ।
8. श्री शंकर सिंह, सूचना एवं रोजगार अधिकार अभियान, जयपुर ।
9. एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर, मुख्यालय को वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

Signature valid
Digitally signed by Indrajeet Singh
Designation : Deputy Secretary To Government
Date: 2025.01.23 19:22:39 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 13180720

Date 10/01/2025
SPH/Rajkaj-E-Dak No. 4...

राजस्थान सरकार

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

**जी–3/1, अम्बेडकर भवन, राजमहल रेजीडेन्सी क्षेत्र, जयपुर ई–मेल:adpension.sje@rajasthan.gov.in**

क्रमांकः–एफ 9(5)( )/ सासुपे/सा.न्या.अ.वि./2024/ जयपुर दिनांक :– यथा ई–हस्ताक्षरित

**अयुक्त एवं शासन सचिव,**
**ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग,**
**जयपुर।**

विषयः– "सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स के वार्षिक भौतिक सत्यापन" के विषय को ग्राम सभा के अजेण्डा में सम्मिलित कराने के संबंध में।

संदर्भः– दिनांक 28.11.2024 को आयोजित बैठक में मुख्य सचिव में प्रदत् निर्देश और विभागीय पत्र राजकाज रेफ. 12279624 दिनांक 06.12.2024 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत लाभार्थियों के वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाने का कार्य प्रत्येक कलेण्डर वर्ष हेतु माह नवम्बर से प्रारम्भ किया जाता है एवं सम्पूर्ण राज्य में आदिनांक तक वर्ष 2025 हेतु 76.29 प्रतिशत पेंशनर्स द्वारा वार्षिक सत्यापन कराया जा चुका है।

उक्त के क्रम में लेख है कि आपके विभाग की आगामी 26 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाली ग्राम सभा में **"पेंशनर्स के वार्षिक भौतिक सत्यापन"** विषय को एजेण्डा में सम्मिलित करते हुए असत्यापित पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन कराने एवं विभिन्न कारणों से निरस्त की गई पेंशन स्वीकृतियों की सूची को ग्राम सभा में पढ़कर सुनाया जाये तथा अपात्र पेंशनर्स के पी.पी.ओं. निरस्त करने और पात्र पेंशनर की गलत सूचनाओं के आधार पर पेंशन निरस्त की गई हो तो अनुमोदन कर संबंधित पेंशन स्वीकृतिकर्ता अधिकारी (ब्लाक विकास अधिकारी) के स्तर से पेंशन पुनः प्रारम्भ किये जाने हेतु संबंधित अधिकारीगण को निर्देशित करावें।

FDM

urgent

DC & DSI

10/1/25

**(कुलदीप रांका)**
**अतिरिक्त मुख्य सचिव**

क्रमांकः– एफ 9(5)( )/सासुपे/सा.न्या.अ.वि./2024/ जयपुर दिनांक :–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर।
2. समस्त जिला कलक्टर्स, राजस्थान।
3. समस्त संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सहायक निदेशक/जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर।

Arvind

**अतिरिक्त मुख्य सचिव**

12/1/25

128
16/01/25

Document certified by KULDEEP RANKA <pscm-rj@gov.in>.

Digitally Signed by Kuldeep Ranka
Designation: Additional Chief Secretary
Date :09-01-2025 05:26:54

RajKaj Ref No.: 12901185

## ग्राम सभा में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के संबंध में प्रेषित की जाने वाली रिपोर्ट का प्रपत्र (ग्राम सभा का दिनांक ..........)

**जिले का नाम ............................ ब्लॉक का नाम .................**

| क्रम संख्या | नाम ग्राम पंचायत | विभिन्न कारणों से निरस्त किए गए पेंशन प्रकरणों में से कितने प्रकरण पात्र पाये जाने पर री–ओपन किए गए (संख्या) | वर्तमान पेंशनर्स में से कितने पेंशन अपात्र होने के कारण निरस्त किए जाने की अनुशंषा की गई (संख्या) | कितने पेंशनर्स का वार्षिक सत्यापन किया गया | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

हस्ताक्षर

(ब्लॉक विकास अधिकारी)

भारतीय मानक ब्यूरो
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
BUREAU OF INDIAN STANDARDS
Ministry of Consumer Affairs Food & Public Distribution
जयपुर शाखा कार्यालय
Jaipur Branch Office

सत्यमेव जयते
Government of India

DC&DS-I
15/01/2025

हमारा संदर्भ :–JPBO/Panchayati Raj/2024-25/05

दिनांक:– 13 / 01 / 2025

**डॉ. जोगाराम, (आई.ए.एस.)**
**सचिव एवं आयुक्त,**
**पंचायती राज विभाग,**
**सचिवालय, जयपुर।**

PS/SPR/Rajkaj-E-Dak No. 4810282
Date. 15/01/2025

**विषयः– गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में उपभोक्ता सशक्तिकरण के लिए गुणवत्ता शपथ ग्रहण करवाने के संबंध में।**

माननीय महोदय,

बीआईएस की ओर से शुभकामनाएँ!!!

जैसा कि आप जानते ही होंगे कि, भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्य करता है। भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में, BIS को वस्तुओं के मानकीकरण, मार्किंग और गुणवत्ता प्रमाणन की गतिविधियों के समन्वित विकास की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जैसा कि हम सभी समझते हैं, हमारे राष्ट्र की प्रगति और विकास काफी हद तक हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास पर निर्भर करता है और ग्राम पंचायतें केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के कार्यक्रम और योजनाओं के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसी परिपेक्षय में आपके सहयोग से बीआईएस द्वारा राजस्थान के समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों के लिए भारतीय मानकों तथा मानकीकृत उत्पादों के संबंध में संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित करवा चुका है। इस जागरूकता कार्यक्रम को और आगे बढाने हेतु बीआईएस का मानना है कि आने वाले गणतंत्र दिवस 2025 के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को बीआईएस की उपभोक्ता सशक्तिकरण के लिए जारी की गई गुणवत्ता शपथ दिलवाने का कार्यक्रम रखा जाये। यह गुणवत्ता शपथ आपके विभाग के सहयोग से 2024 के स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम के दौरान भी दिलवाई गई थी जो अत्यधिक ही सफल रही थी।

अतः आपसे निवेदन है कि पूर्व की भाती इस बार भी राजस्थान राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उपरोक्त गुणवत्ता शपथ (संलग्न) लेने हेतु एवं इस गुणवत्ता शपथ ग्रहण कार्यक्रम की कुछ **फोटो तथा वीडियो, प्रतिभागियों की संख्या सहित व्हाट्सएप के द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार मीणा, मोबाइल नम्बर – 9636845891** को भेजने हेतु आदेश जारी करने का श्रम करें।

सादर

164
20/01/25

17/1/25

**(कनिका कालिया)**
**निदेशक एवं प्रमुख**

**संलग्नः उपरोकतानुसार**

## भारतीय मानक ब्यूरो, द्वारा जनहित में जारी

## शपथ

मैं इस देश के जिम्मेदार नागरिक के रूप में आज यह शपथ लेता हूँ कि जहां भी संभव हो पाएगा वहाँ मैं मानकीकरण में योगदान दूंगा।

मैं न केवल अपने और अपने परिवार के दैनिक जीवन में मानकों के उपयोग को बढ़ावा दूंगा बल्कि अपने आसपास वाले लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करूंगा।

मैं केवल मानकीकृत और प्रमाणित सामान खरीदूंगा और अपने आसपास वाले लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करूंगा।

मैं गुणवत्तापूर्ण उत्पादों और सेवाओं की मांग करूंगा और अपने आसपास वाले लोगों को भी जागृत करूंगा।

मैं यह भी शपथ लेता हूँ कि देश में भारतीय मानक ब्यूरो के माध्यम से चलाए जा रहे गुणवत्ता मिशन में अपना पूरा योगदान देते हुए सदा मैं मानकों के प्रति प्रतिबद्ध रहूँगा।

MARKS OF TRUST
Standard Mark
Registration Mark
22K 916
Hallmark
Management System Mark
बीआईएस केयर एप डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें।
GET IT ON Google Play
Download on the App Store